“33”

pib.nic.in

mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)

भारत सरकार

****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, अग्रहायण 03, 1945

शुक्रवार, नवंबर 24, 2023

भारत और ब्रिटेन ने आयोजित की रक्षा सलाहकार समूह की बैठक

रक्षा सचिव श्री गिरिधर अरमाने और उनके ब्रिटिश समकक्ष श्री डेविड विलियम्स, स्थायी सचिव रक्षा मंत्रालय ने 24 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में भारत-ब्रिटेन रक्षा सलाहकार समूह (डीसीजी) की वार्षिक बैठक की सह-अध्यक्षता की।

उन्होंने कई क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की, चल रही रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की और अन्य संभावनाओं के बीच मिसाइल सिस्टम और इलेक्ट्रिक प्रणोदन में रक्षा औद्योगिक सहयोग प्रस्तावों पर चर्चा की।.

बैठक में कई क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर बात हुई और चल रही रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की गई। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिति एवं संभावित सहयोग और मिसाइल प्रणालियों व इलेक्ट्रिक प्रणोदन में रक्षा औद्योगिक सहयोग प्रस्ताव चर्चा के मुख्य विषय रहे।

दोनों पक्षों ने संयुक्त अभ्यास, समुद्री डोमेन जागरूकता तथा सूचना के आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित करते हुए समुद्री क्षेत्र में साझेदारी और संयुक्त गतिविधियों को बढ़ाने की योजना बनाई। उन्होंने भारत-ब्रिटेन 2+2 विदेश व रक्षा वार्ता की शुरूआत और विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते सैन्य संबंधों की सराहना की।

बैठक के बाद श्री डेविड विलियम्स ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

एबीबी/एसएस